सार-समाचार

मकर संक्रांति भूगोल, विज्ञान और भारतीय संस्कृति से जुड़ा पर्वः नवीन मिश्र

अजमेर,(कासं)। आर्य समाज अजमेर के सत्संग भवन में आर्य समाज अजमेर एवं डीएवी उच्च माध्यमिक विद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में मकर संक्रांति पर्व श्रद्धा और वैदिक परंपरा के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में वेद मंत्रों के उच्चारण के साथ यज्ञ अनुष्ठान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर आर्य समाज अजमेर के प्रधान नवीन मिश्र ने कहा कि मकर संक्रांति केवल धार्मिक ही नहीं, बल्कि भूगोल, विज्ञान और भारतीय संस्कृति से गहराई से जुड़ा हुआ पर्व है, जिसे भारत में प्राचीन काल से मनाया जाता रहा है। आर्य समाज अजमेर के मंत्री चिरंजीलाल शर्मा ने पर्व का महत्व बताते हुए भारतीय संस्कृति के अनुसार बच्चों को संस्कार देने पर बल दिया। कार्यक्रम में डीएवी विद्यालय की प्रधानाचार्य भानुमति राठौर मुख्य यजमान रहीं। यज्ञ में शिक्षकों, शिक्षिकाओं और विद्यार्थियों ने आहुतियां दीं। इस दौरान नवीन कुमार शर्मा ने 'सुखी बसे संसार सब, दुखिया रहे न कोय' भजन प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन मंत्री चिरंजीलाल शर्मा ने किया।

युवाओं में आत्मविश्वास और राष्ट्रभाव जगाने का प्रयासः एबीवीपी

नसीराबाद,(निसं)। अखिलभारतीय विद्यार्थी परिषद इकाई नसीराबाद द्वारा युवाओं के प्रेरणा स्रोत और महान चिंतक स्वामी विवेकानंद की जयंती के अवसर पर साप्ताहिक कार्यक्रम के अंतर्गत राजकीय कन्या उच्च माध्यमिक विद्यालय परिसर में युवा विचार संगोष्ठी का आयोजन किया गया।कार्यक्रम में एबीवीपी चित्तौड़ की प्रांत कार्यसमिति सदस्य अदिति गाबा का विशेष प्रवास रहा। संगोष्ठी को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानंद के अनुसार युवा वह होता है जो परिस्थितियों का रोना न रोते हुए अपने परिश्रम और संकल्प से स्वयं अपना भाग्य गढ़ता है। उन्होंने बताया कि स्वामी विवेकानंद युवा शक्ति को राष्ट्र निर्माण की आधारशिला मानते थे और उनका विश्वास था कि जागृत युवा ही भारत को पुनः विश्वगुरु के पथ पर अग्रसर कर सकता है। अदिति गाबा ने कहा कि वर्तमान समय में भारत विश्व का सबसे युवा देश है और यही उसकी सबसे बड़ी ताकत है। भारतीय युवा आज स्टार्टअप, नवाचार और कौशलआधारित रोजगार के माध्यम से न केवलदेश को आत्मनिर्भर बना रहे हैं, बल्कि वैश्विक स्तर पर भी अपनी पहचान स्थापित कर रहे हैं। यह उपलब्धि भारतीय संस्कृति, मूल्यों और परंपराओं की सशक्त विरासत का परिणाम है। विद्यालय की प्रधानाचार्य सूरज देवी ने भी विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि स्वामी विवेकानंद के विचार आज के युवाओं के लिए मार्गदर्शक हैं। कार्यक्रम में नगर मंत्री विवेक खटीक, ललित चौधरी, तनिश नागौरा, लखबीर सिंह, अंकुश तिवारी सहित एबीवीपी के अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। संगोष्ठी का संचालन ललित चौधरी ने किया। अंत में नगर मंत्री विवेक खटीक ने सभी अतिथियों, विद्यालय प्रशासन एवं सहभागियों का आभार व्यक्त किया।

ऑब्स्टेट्रिक्स एंड गायनेकोलॉजी का परिणाम घोषित

अजमेर, (कासं)। राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा असिस्टेंट प्रोफेसर (चिकित्सा शिक्षा विभाग) भर्ती-2021 के अंतर्गत ब्रॉड स्पेशियलिटी-ऑब्स्टेट्रिक्स एंड गायनेकोलॉजी के पदों पर भर्ती हेतु मुख्य सूची जारी की गई है। इस संबंध में विस्तृत सूचना आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध है। विज्ञापन संख्या 06/2021-22 के तहत विज्ञापित इन पदों के लिए साक्षात्कार 5 से 13 जनवरी 2026 तक निर्धारित कार्यक्रमानुसार आयोजित किए गए थे। संबंधित सेवा नियमों के अनुसार उक्त पदों के लिए 40 अभ्यर्थियों को मुख्य सूची में सफल घोषित किया गया है।

राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

भीलवाड़ा(निसं)। राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के तहत राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा जिलेभर में जागरूकता कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं जिसके तहत लाम्बिया टोल प्लाजा पर जागरूकता के कार्यक्रम आयोजित किये गये। टोल पर आने वाले टू व्हीलर व फॉर व्हीलर वाहन चालकों को जागरूकता के लिए पंपलेट का वितरण किया गया। टोल प्लाजा के जनरल मैनेजर सुरेश राजगुरु ने राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के दौरान एनएचएआई द्वारा किए गए कार्यों की समीक्षा बैठक ली। बैठक के दौरान डीजीएम विश्वास राव सत्ते, इंसीडेंट मैनेजर रिधकरण ने जानकारी दी कि अभियान के दौरान लगातार जागरूकता के कार्यक्रम चलाये जा रहे है और आने वाली 22 जनवरी को रक्तदान शिविर का भी आयोजन किया जायेगा। जिसमें 100 यूनिट रक्त का टारगेट रखा गया।

डॉ. संजीव कुमार शर्मा ने संभाला सीएमएचओ का पदभार

भीलवाडा(निसं)। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग ग्रुप-2 के संयुक्त शासन सचिव ने मंगलवार को आदेश जारी कर भीलवाडा जिले के जिला प्रजनन एवं शिशु स्वास्थ्य अधिकारी, भीलवाडा डॉ. संजीव कुमार शर्मा को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, भीलवाडा के पद का अतिरिक्त कार्यभार दिया गया है। राज्य सरकार के आदेशानुसार डॉ. संजीव कुमार शर्मा ने प्रातः बुधवार को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (सीएमएचओ) पद का अतिरिक्त कार्यभार संभाल लिया। अब वे अपने नियमित दायित्वों के साथ जिले की संपूर्ण स्वास्थ्य व्यवस्थाओं की कमान भी संभालेंगे। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त शासन सचिव द्वारा जारी आदेशानुसार डॉ. संजीव शर्मा अपने पद के साथ साथ मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, भीलवाडा के पद का अतिरिक्त कार्यभार अग्रिम आदेशों तक संपादित करेंगे। उल्लेखनीय है कि डॉ. शर्मा इससे पूर्व भी कार्यवाहक सीएमएचओ के पद का पदभार संभाल चुके है। कार्यभार हस्तांतरण के दौरान सीएमएचओ डॉ. रामकेश गुर्जर ने डॉ. शर्मा को अपना प्रभार सौंपा। इस अवसर पर कार्यालय के विभिन्न अनुभागों के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

इंटेक की 'जीवनदायिनी वृक्ष' पोस्टर प्रतियोगिता संपन्न

भीलवाड़ा(निसं)। प्राकृतिक विरासत के संरक्षण को लेकर जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से भारतीय सांस्कृतिक निधि इंटैक भीलवाड़ा चैप्टर द्वारा राजेंद्र मार्ग विद्यालय में 'ट्री ऑफ लाइफ' विषय पर पोस्टर एवं निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में आठ विद्यालयों के 84 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। प्रतियोगिता इंटेक चेयरमैन अशोक सिंह ठाकुर एवं विरासत शिक्षा एवं संचार सेवा निदेशक पूर्णिमा दत्त के निर्देशानुसार आयोजित की गई। इंटेक कन्वीनर बाबूलाल जाजू ने प्रतिभागी विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि वृक्ष केवल पर्यावरण का आधार ही नहीं, बल्कि जीवन का मूल स्रोत हैं। 'ट्री ऑफ लाइफ' की अवधारणा के माध्यम से बच्चों में प्रकृति के प्रति संवेदनशीलता और संरक्षण की भावना विकसित करना इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य है। प्रतियोगिता के दौरान विद्यार्थियों ने पेड़-पौधों के साथ उनमें निवास करने वाले कीटों, पक्षियों एवं जीव-जंतुओं का सजीव और कल्पनाशील चित्रण किया। बच्चों ने अपनी रचनात्मकता का परिचय देते हुए किसी ने आम, नीम, अमरूद तो किसी ने बबूल जैसे जीवनदायिनी वृक्षों को कागज पर उकेरा।

AJMER VIDYUT VITRAN NIGAM LIMITED

Corporate Identification Number [CIN] – U40109RJ2000SGC016482
Registered office – VidyutBhawan, Panchsheel Nagar, Makarwali Road, Ajmer -305004
CHIEF ENGINEER (AJMER ZONE) OLD POWER HOUSE,HATHI BHATAJAIPUR ROAD, AJMER
Phone No.0145-2429196, Fax:0145-2626765, E-Mail- ZCEAJMERAVVNL2024@GMAIL.COM

क्र. :- अ.वि.वि.नि.लि./मु.अ.(अ.सं.)/उ.नि.का./जांच/पत्रावली/प्रे. दिनांक :-

सार्वजनिक सूचना

"यह है कि श्री मनोज श्रीवास्तव पुत्र श्री वरवीर प्रकाश श्रीवास्तव, कनिष्ठ अभियंता, कार्यालय सहायक अभियंता (डी-I), अविविनिलि अजमेर स्थायी निवासी बी-76, सेठी कोलोनी, जयपुर को सूचित किया जाता है कि आप कार्यालय से बिना सूचना/ बिना अवकाश स्वीकृति के ड्यूटी से अनुपस्थित चल रहे है आपके विरूद्ध पूर्ववर्ती राजस्थान राज्य विद्युत मण्डल के कर्मचारी वर्गीकरण, नियन्त्रण एवं अपील विनियम-1962 (निगम द्वारा अंगीकृत) के विनियम 7 के तहत अनुशासनात्मक कार्यवाही जारी है। आपको अंतिम अवसर प्रदान किया जाता है। यदि आप 07 दिवस के भीतर कार्यालय में उपस्थित नहीं होते अथवा प्रत्युत्तर प्रस्तुत नहीं करते है तो यह माना जावेगा कि आप निगम सेवा में कार्य करने के इच्छुक नही है। ऐसी स्थिति में एक पक्षीय कार्यवाही करते हुये आपके विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही पूर्ण करते हुये सेवा बर्खास्तगी संबंधी अग्रिम कार्यवाही अमल में लायी जावेगी।"

मुख्य अभियंता (अ./सं.)
अ.वि.वि.नि.लि. अजमेर

राज.संवाद/सी/25/17670

श्यामा प्रसाद मुखर्जी नगर में 3950 आवेदन लॉटरी 29 जनवरी को

■ अजमेर विकास प्राधिकरण द्वारा अजमेर शहर में पहली बार आर्थिक रूप से कमजोर एवं निम्न आय वर्ग के लोगों की आवासीय आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए कोई योजना विकसित कर लांच की गयी है

अजमेर, (कासं)। अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर की बहुप्रतीक्षित योजना श्यामा प्रसाद मुखर्जी नगर, माखुपुरा में लॉटरी द्वारा भूखण्डों के आवन्टन के लिए 27 नवम्बर 2025 से आवेदन लेना प्रारम्भ किया गया था, जिसकी अन्तिम दिनांक 31 दिसम्बर 2025 रखी गयी थी। योजना के प्रति लोगों के रुझान एवं आमजन की मांग के दृष्टिगत आवेदन करने की अन्तिम तिथि 14 जनवरी तक बढ़ाई गयी थी। निर्धारित तिथि तक योजना में कुल 3950 आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिसमें से आर्थिक रुप से कमजोर वर्ग में 2817 तथा निम्न आय वर्ग के 1133 आवेदक हैं। प्राधिकरण आयुक्त नित्या के. ने अवगत करवाया कि अजमेर विकास प्राधिकरण द्वारा अजमेर शहर में पहली बार आर्थिक रूप से कमजोर एवं निम्न आय वर्ग के लोगों की आवासीय आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए कोई योजना विकसित कर लांच की गयी है।

अजमेर नसीराबाद रोड पर ग्राम माखुपुरा में अवस्थित इस योजना में 288 भूखण्ड है, जिसमें से 202 भूखण्डों का लॉटरी द्वारा आवन्टन किया जायेगा। योजना की आवासीय आरक्षित दर रुपये 14700 प्रति वर्गमीटर है। ईडब्लूएस श्रेणी के आवेदकों को आरक्षित दर से 50 प्रतिशत अर्थात रुपये 7350 एवं एलआईजी श्रेणी के आवेदकों को 80 प्रतिशत अर्थात 11760 प्रति वर्गमीटर की दर से भूखण्ड आवंटित किये जायेगें। योजना में भूखण्डों की लॉटरी कार्यक्रम सार्वजनिक रुप से राज्य सरकार के संस्थान एन.आई. सी. द्वारा 29जनवरी 2026 को निकाला जाना प्रस्तावित है।

पुलिस थाना सरवाड़ की प्रभावी करवाई

सरवाड, (निसं)। सरवाड़ राज्य सरकार के आदेशानुसार अवैध बजरी खनन परिवहन व भंडारण के खिलाफ चलाए जा रहे हैं अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक वंदिता राणा द्वारा समस्त थानाधिकारी को अवैध खनन निर्गमन व परिवहन के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई हेतु निर्देशित किया गया जिस पर राजेश मीलअतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर पुलिस उपाधीक्षक हर्षित शर्मा के सुपरविजन में सरवाड़ थानाधिकारी रामपालशर्मा के नेतृत्व में विशेष टीम गठित कर कार्रवाई करते हुए अवैध खनन में प्रयुक्त बजरी से भरा हुआ ट्रैक्टर ट्रॉली को बजरी के साथ जावला से डिटेलकर सरवाड़ थाना परिसर में खड़ा करवाया गया। वही उक्त कार्रवाई की सूचना खनिज विभाग को दी गई ।

जरूरतमंद बच्चों के बीच गर्म ट्रैक सूट का वितरण

■ कार्यक्रम के तहत ग्रामीण क्षेत्र के लगभग 100 जरूरतमंद बच्चों को गर्म ट्रैक सूट एवं मिठाई वितरित की गई

अजमेर, (कासं)। राजस्थान समग्र कल्याण संस्थान द्वारा संचालित 'मेक अ विश स्ट्रीट एंड स्लम चिल्ड्रन' परियोजना के अंतर्गत ट्रैक सूट वितरण कार्यकम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम के तहत ग्रामीण क्षेत्र की विभिन्न कच्ची बस्तियों में रहने वाले लगभग 100 जरूरतमंद बच्चों को गर्म ट्रैक सूट एवं मिठाई वितरित की गई।

यह राहत वितरण कार्यक्रम मोतीसर रोड, चावंडिया, कल्याण नाथ की बस्ती सहित पुष्कर क्षेत्र की बस्तियों में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ठंड के मौसम में बच्चों को आवश्यक संरक्षण प्रदान करना एवं उनके स्वास्थ्य की सुरक्षा सुनिश्चित करना रहा।

संस्था के मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. एस.एन. शर्मा ने बताया कि कच्ची बस्तियों में रहने वाले कई बच्चों के पास सर्दी से बचाव के पर्याप्त साधन नहीं होते। ऐसे में संस्था द्वारा किया गया यह प्रयास बच्चों के प्रति सामाजिक जिम्मेदारी का निर्वहन है।

इस सेवा अभियान को सफल बनाने में संस्था के सदस्यों सुमन मेघवंशी, सुरभि कालोसिया, जितेंद्र मेघवंशी, तोताराम उदयवाल एवं पल्लवी मारोठिया का उल्लेखनीय सहयोग रहा।

प्रांतपाल की सद्भावना यात्रा आज

अजमेर, (कासं)। लायंस क्लब अजमेर शौर्य द्वारा प्रांत 3233 ई 2 के प्रांतपाल लायन रामकिशोर गर्ग की सद्भावना यात्रा शुक्रवार को सांय 6.30 बजे वैशालीनगर स्थित जैनेक्स के सभागृह में क्लब अध्यक्ष लायन रीना श्रीवास्तव की अध्यक्षता में कराई जाएगी। डिस्ट्रिक्ट चीफ मीडिया कॉर्डिनेटर लायन राजेंद्र गांधी ने बताया कि क्लब की सेवा गतिविधियों एवं भावी योजनाओं की जानकारी देने एवं प्रांत द्वारा निर्देशित कार्यक्रम से अवगत कराने के लिए प्रांतपाल की आधिकारिक यात्रा कराई जाएगी। कार्यक्रम संयोजक लायन राजकुमारी पांडे ने बताया कि इस अवसर पर प्रांतपाल के हाथों सेवा कार्य भी संपन्न कराए जाएंगे। इस दौरान विभिन्न क्लब्स के पदाधिकारी एवं केबिनेट मेंबर्स भी उपस्थित रहेंगे।

भारतीय ज्ञान परंपरा पर अंतर्राष्ट्रीय विमर्श

■ अजमेर में 16-17 जनवरी को द्विदिवसीय संगोष्ठी

अजमेर, (कासं)। सम्राट पृथ्वीराज चौहान राजकीय महाविद्यालय, अजमेर में भारतीय ज्ञान परंपरा के अतीत, वर्तमान एवं भविष्य पर केंद्रित द्विदिवसीय अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन 16 एवं 17 जनवरी 2026 को किया जा रहा है। यह आयोजन महाविद्यालय के भारतीय ज्ञान परंपरा केंद्र तथा अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के संयुक्त तत्वावधान में होगा।

संगोष्ठी का उद्घाटन सत्र 16 जनवरी को महाविद्यालय के महाराणा प्रताप सभागार में आयोजित किया जाएगा। उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी होंगे। मुख्य वक्ता के रूप में प्रोफेसर भगवती प्रकाश शर्मा, अध्यक्ष, महात्मा गांधी शांति एवं स्थायी विकास संस्थान (यूनेस्को), अपने विचार प्रस्तुत करेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता महर्षि दयानंद सरस्वती विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सुरेश कुमार अग्रवाल करेंगे। उद्घाटन सत्र में संगोष्ठी के संरक्षक एवं अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रोफेसर नारायण लाल गुप्ता की उपस्थिति रहेगी। साथ ही एबीआरएसएम राजस्थान के प्रदेश अध्यक्ष एवं महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर मनोज कुमार बहरवाल का मार्गदर्शन प्राप्त होगा। आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा, राजस्थान के अजमेर क्षेत्र के सहायक निदेशक प्रोफेसर अनिल कुमार दाधीच संगोष्ठी समन्वयक के रूप में उपस्थित रहेंगे।

संगोष्ठी को कुल आठ विशिष्ट सत्रों में विभाजित किया गया है। 16 जनवरी को दोपहर 2.30 से 4 बजे तक आयोजित प्रथम सत्र की अध्यक्षता प्रोफेसर नारायण लाल गुप्ता करेंगे। इस सत्र के मुख्य वक्ता आयरलैंड स्थित भारतीय दूतावास के भारतीय राजदूत अखिलेश मिश्रा ऑनलाइन माध्यम से अपने विचार साझा करेंगे। इसी सत्र में सप्तऋषि भारत क्षुद्रग्रह खोज अभियान के राष्ट्रीय समन्वयक अमृतांशु वाजपेई का मार्गदर्शन भी प्राप्त होगा।

इसी दिन समानांतर अकादमिक सत्र का आयोजन किया जाएगा, जिसकी अध्यक्षता इंफिनिटी फाउंडेशन, अमेरिका के मैनेजिंग ट्रस्टी अनुराग शर्मा करेंगे। इस सत्र में देश-विदेश से आए शोधार्थी अपने शोध पत्र प्रस्तुत करेंगे।

विपक्ष वी.बी.जी राम जी को लेकर भ्रम फैला रहा है : रावत

मसूदा, (निसं)। भाजपा के मसूदा और खरवा मंडलों ने एक संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित की मनरेगा को लेकर विपक्ष द्वारा फैलाए जा रहे भ्रम को लेकर भारतीय जनता पार्टी मंडलखरवा एवं मंडलमसूदा द्वारा प्रेस कांफ्रेंस आयोजित कर विकसित भारत जी राम जी कानून को लेकर मसूदा मंडल अध्यक्ष विजय सिंह रावत ने कहा कि विपक्ष द्वारा यह दुष्प्रचार किया जा रहा है की सरकार द्वारा नरेगा को समाप्त किया जा रहा है यह पूर्णतया गलत है रावत ने कहा कि समाप्त करने के बजाय इसको और मजबूत किया जा रहा है। सरकार का लक्ष्य है कि पारदर्शिता के साथ प्रत्येक इच्छुक मजदूर को रोजगार मिले। रावत ने कहा कि केंद्र सरकार का लक्ष्य है की हकदार का हक नहीं मारा जाए इसके लिए खाद्य सुरक्षा में किए गए सुधार से कई लोग बाहर हुए हैं एवं हकदार को खाद्य सुरक्षा के तहत सामग्री मिलरही है इसी प्रकार सामाजिक पेंशन में भी सुधार किया जिसके चलते हकदार को पेंशन मिल रही है। सरकार द्वारा मनरेगा में किसी भी तरह के फर्जी वाडे को रोकने के लिए कानून को मजबूत करने का कार्य किया गया। इच्छुक मजदूर को 6 नंबर का आवेदन भरना है। इसमें यह सुधार हुआ है कि मजदूरों को बायोमेट्रिक हाजिरी देनी पड़ेगी। 6 नंबर आवेदन करने के बाद अगर किसी को रोजगार नहीं मिलता है तो इस कानून में बेरोजगार भत्ता मिलने का प्रावधान भी किया गया है। साथ ही इस अधिनियम में राज्यों की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए राज्य की हिस्सेदारी बढ़ाई गई है। ताकि राज्य सरकारे भी इसमें रुचि लेकर अच्छा कार्य करवाए। खरवा मंडलअध्यक्ष भगवान सिंह ने कहा कि मनरेगा को विकसित भारत जी राम जी में बदलकर सुधार किए गए। जिसको लेकर विपक्ष अनर्गलबयान बाजी कर रहा है एवं लोगों को रोजगार खत्म होने की बात कह कर गुमराह कर रहा है जबकि ऐसा कुछ नहीं है। रोजगार दिवस 100 से बढ़कर 125 दिन किए गए एवं इसमें कच्चे कार्यों के अलावा पक्के कार्य भी सम्मिलित किए गए हैं जिससे पूरी मजदूरी लोगों को मिलपाएगी।

पूर्व सरपंच एवं खरवा पूर्व मंडलअध्यक्ष जगदीश सिंह रावत ने बताया कि केंद्र एवं राज्य की डबलइंजन सरकार द्वारा कराया गया विकास विपक्ष को पच नहीं रहा है जिससे विपक्ष द्वारा जनता के बीच में भ्रम फैलाया जारहा है। जबकि जनता के बीच से अच्छा रिस्पांस मिलरहा है। इस दौरान पूर्व मंडलअध्यक्ष योगेंद्र सिंह, खरवा पूर्व मंडलअध्यक्ष हरदेव सिंह, महामंत्री मनोज जेथलिया, खरवा महामंत्री श्रवण सिंह, महामंत्री बलवीर सिंह, जितेंद्र दाधीच, मनोहर सिंह इत्यादि भाजपाई मौजूद रहे।

'भगवान श्री कृष्ण जिसका हाथ पकड़ लेते हैं फिर छोड़ते नहीं'

पुष्कर, (निसं)। भगवान श्री कृष्ण जिसका हाथ पकड़ लेते है फिर छोड़ते नहीं । यह उपदेश प्रसिद्ध कथा वाचक आशुतोष शास्त्री ने पुष्कर के गिरधर गोपालमंदिर में आयोजित श्री मद्ध भागवत कथा के दौरान उपस्थित भक्तों से कहे। कथा के दौरान नंद उत्सव मनाया गया एवं कृष्ण की भी बाललीलाओं का वर्णन किया गया। कथा करते हुए वत्स ने कहा की भगवान श्री कृष्ण जिसका हाथ पकड़ लेते है छोड़ते नहीं। भगवान की लीलाओं को विस्तार से कथा में वर्णन किया गया , पूतना का उद्धार सहित कई राक्षसों का उद्धार का वर्णन किया गया इस कथा का यजमान नितेश, निखिलगोयल है। हरियाणा से आए आचार्य कृष्ण कुमार शास्त्री ने बताया कि हम भाग्यशाली पुष्कर में पुष्कर सरोवर के किनारे कथा सुन रहे है और भागवतचार्य आशुतोष वत्स कथा में कथा व्यास के रूप में कथा का अमृत बरसा रहे है। हिसार से कई ब्राह्मण राजेश शास्त्री , अनिलदेव शास्त्री, पवनजी वेद पाठी शास्त्री, सचिन वेद पाठी,, नरेश वत्स, निर्मला सुमन लता, गीता देवी गोयलअंतू गोयल, दिव्या गोयल, सरिता गोयलसहित पूरा गोयलपरिवार कथा में मौजूद है। इस दौरान ब्राह्मण महा सभा के आरती महा संघ के इन्द्र सिंह पंवार कृष्ण भक्त अनिल अग्रवाल, मधु सूदन भाऊ सहित कई लोग नंद उत्सव में पहुंचे और कथा व्यास से आशीर्वाद लिया।

फर्जी आपत्तियों से मतदाता नाम कटने का आरोप

■ अजमेर दक्षिण में कांग्रेस का कलेक्टर को ज्ञापन

अजमेर, (कासं)। दक्षिण विधानसभा क्षेत्र में मतदाता सूची से नाम हटाने को लेकर गंभीर आरोप सामने आए हैं। गुरूवार को अजमेर दक्षिण विधानसभा क्षेत्र की प्रत्याशी एवं नेता प्रतिपक्ष डॉ. द्रोपदी कोली के नेतृत्व में कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने माननीय जिला कलेक्टर एवं उपखण्ड अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर सरकारी बीएलओ द्वारा फर्जी आपत्तियां लगाकर मतदाताओं के नाम काटे जाने का आरोप लगाया।

डॉ. द्रोपदी कोली ने बताया कि स्थानीय पार्टी कार्यकर्ताओं, पार्टी बीएलओ और पार्षदों से प्राप्त सूचनाओं के आधार पर यह तथ्य सामने आए हैं कि सरकारी बीएलओ द्वारा बिना जांच-पड़ताल के फर्जी आपत्तियां दर्ज कर, पार्टी बीएलओ के कथित फर्जी हस्ताक्षरों के आधार पर मतदाताओं के नाम हटाए जा रहे हैं, जो लोकतंत्र और मतदान प्रक्रिया के विरुद्ध है।

उन्होंने आरोप लगाया कि विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया के तहत भाजपा सरकार की साजिश के अंतर्गत खानपुरा क्षेत्र के वार्ड संख्या 32 व 33 में धोखाधड़ी करते हुए विशेष रूप से मुस्लिम समाज के मतदाताओं के नाम काटे जा रहे हैं।

भाजपा के छह कार्यकर्ताओं द्वारा खानपुरा क्षेत्र के पुराने बूथ संख्या 160 से 165 तक लगभग 1113 आपत्तियां दर्ज कराई गईं। इस मामले में स्वयं डॉ. द्रोपदी कोली के नाम पर भी फर्जी आपत्ति लगाकर नाम हटाने का प्रयास किया गया।

डॉ. कोली ने बताया कि बीएलए विकास डिडवानिया, गणेश सिंह रावत, मोहनसिंह, विनोद कुमार, सन्नासिंह सहित अन्य द्वारा करीब 1200 मतदाताओं के नाम हटाने हेतु फार्म संख्या 07 भरकर शिकायत दी गई है। उन्होंने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर फर्जी शिकायतकर्ताओं तथा इसमें लिप्त अधिकारियों-कर्मचारियों पर नियमानुसार कार्रवाई की मांग की।

ज्ञापन देने वालों में महिला कांग्रेस शहर अध्यक्ष लक्ष्मी बुंदेल, ब्लॉक अध्यक्ष लक्ष्मी धोखेडिया व चंदन सिंह, पार्षद आरिफ खान, जावेद खान, इकरामुद्दीन, मनीष सेन, दिनेश शर्मा, प्रेम सिंह गौड़, हरिप्रसाद जाटव सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता व क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

उर्स मेले की तैयारियों को लेकर बैठक हुई आयोजित

सरवाड़, (निसं)। सरवाड़ थाना परिसर में बुधवार को सीएलजी सदस्यों की बैठक आयोजित की गई वहीं यह बैठक सरवाड़ उपखंड अधिकारी सुभाष चन्द्र हेमानी व पुलिस उपाधीक्षक हर्षित शर्मा एवम् एडिशनल एसपी राजेश कुमार सरवाड़ थानाधिकारी रामपाल शर्मा की मौजूदगी में बैठक आयोजित की गई । वहीं इस दौरान बैठक में सरवाड़ उर्स मेले की तैयारीयों को लेकर विचार विमर्श किया गया।

बैठक में सीएलजी सदस्यों कहा कि यातायात व्यवस्था बहुत ज्यादा चरमराई हुई रहती है व मेले में गाड़ियां अंदर प्रवेश करती है जिससे जायरीनों को परेशानियां भी होती है । इस मौके पर दरगाह मुक्तावली युसूफ खान ने कहा कि दरगाह परिसर के बाहर लंगर देते हैं इसको थोड़ा दूर रखवाया जाए ताकि दरगाह परिसर के बाहर लोगों की भीड़ नहीं लगें वहीं उर्स मेले का जुलूस गांधी चौक से प्रारंभ होता है जो मुख्य मार्गो से होते हुए दरगाह परिसर पहुंचता है। रास्ते में झूलते हुए तार व ट्रिपाल को भी हटाया जाए ताकि कोई परेशानी नहीं हो । इस अवसर पर एडिशनल एसपी राजेश कुमार ने कहा कि मेले के दौरान अतिरिक्त पुलिस जाप्ता तैनात किया जाएगा ताकि यातायात व्यवस्था सुचारू रूप से रहें उन्होंने कहा कि मेले में झूले रात्रि 11: बजे से बंद हो जाए ।

इस मौके पर भाजपा नेता राधेश्याम पोरवाल, भाजपा मण्डल अध्यक्ष प्यारेलाल खींची, हिन्दू उत्सव समिति अध्यक्ष भागचंन्द चांपा, एडवोकेट शैलेन्द्र जैन, एडवोकेट अजय पारीक, मुक्तवाली युसूफ खान, छोटू भाटी, हनुमान शर्मा, महेंन्द टांक, अरविंद तापड़िया, नरेन्द्र कंजर, रामस्वरूप प्रजापति, इमरान तंवर, बाबू मोहम्मद, ठेकेदार अब्दुल मस्जिद, कुरैशी कमलेश रेगर व पिंटू डोडिया सहित अन्य मौजूद रहें।